JALAUN POLICE

दिनांक –27.03.2025

**श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ महोदय के निर्देशन में ऑपरेशन कॉन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने हेतु श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के पर्यवेक्षण में पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने हेतु निर्देशित किया गया था।**

जालौन पुलिस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना एवं अचूक साक्ष्य संकलन तथा डीजीसी क्रिमिनल व उनकी टीम, कोर्ट पैरोकार की प्रभावी पैरवी फलस्वरूप 01 अभियोग में 01 अभियुक्त को मान0 न्यायालय द्वारा 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं 60,000/- रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

मुकदमें में सजा पाये अभियुक्त का विवरण निम्नवत है –

प्रकरण प्रथम– आरोपी मनोज पुत्र बाबू निषाद उर्फ ओमप्रकास निवासी ग्राम शेखपुर गुढ़ा थाना कालपी जनपद जालौन द्वारा नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना कारित की थी जिसके संबन्ध में वादी की तहरीर के आधार पर दिनांक 11.05.2023 को थाना कालपी पर मु0अ0सं0 136/23 (वाद संख्या 61/23) धारा-376(3)/506 भादवि व ¾ पॉस्को एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत हुआ था। दिनांक 14.05.2023 को आरोपी मनोज कुमार उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा विवेचक द्वारा प्रभावी साक्ष्य संकलन व गवाहो के बयान अंकित करते हुए वैज्ञानिक तरीके से विवेचना पूर्ण अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध दिनांक 08.06.2023 को आरोप पत्र मा0 न्यायालय प्रेषित किया गया।

जालौन पुलिस टीम एवं अभियोजन पक्ष तथा कोर्ट पैरोकार के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी कराते हुये दिनांक 27.03.2025 को मा0 न्यायालय एडीजे पॉक्सो कोर्ट उरई जनपद जालौन द्वारा अभियुक्त मनोज कुमार उपरोक्त को दोषी पाते हुये 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 60,000/- रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है तथा अर्थदण्ड की धनराशि मे से 30,000/- रूपये पीड़िता को प्रतिकर स्वरुप प्रदान किया जायेगा।